इन्दौर समाचार 15.6.2019

कर्मचारी संगठन ने शपथविधि समारोह को बनाया ऐतिहासिक

कुलपति की मौजूदगी में सभी ने लिया अच्छे कार्य का संकल्प

इंदौर। देवीआहिल्या विश्वविद्यालय कर्मचारी (गैर शिक्षक) संघ का शपथ विधि समारोह में कुलपति डॉ नरेंद्र कुमार धाकड़ के मुख्य अतिथि ओर कुलसचिव डॉ अनिलकुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । कर्मचारी संघ का गठन सन 1967 में गठन हुआ था परंतु संघ के शपथ समारोह प्रथम बार गोल्डनजुबली वर्ष में आयोजित किया गया।

संघ के अध्यक्ष अनिलकुमार यादव महासचिव चैनसिंह यादव द्वारा विगत एक सप्ताह से तैयारियां की जा रही थी कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि माननीय कुलपति ,महोदय कुलसचिव महोदय अध्यक्ष अनिल कुमार यादव महासचिव चैनसिंह यादव उपाध्यक्ष राकेश सिलावट एवं संघ सदस्यों द्वारा मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

देवीआहिल्या दरबार हाल में माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। संघ के अध्यक्ष. एव महासचिव द्वारा कुलपति , कुलसचिव एव परीक्षा नियंत्रक अशेष कुमार तिवारी वरिष्ठ उपकुलसचिव डॉ अजय कुमार वर्मा , डिप्टी रजिस्ट्रार प्रज्जवल खरे , छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष लक्ष्मीकांत त्रिपाठी का स्वागत संघ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कुलपति द्वारा सभा कक्ष मे उपस्थित सभी अधिकारियों एव कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की उन्नति मे समर्पण भाव से कार्य करने की शपथ दिलाई गई । संघ पदाधिकारीयो में संघ अध्यक्ष अनिलकुमार यादव को मुख्यातिथि द्वारा शपथ दिलाई गई । इसी के साथ कार्यकरणी के 11 सदस्यों को शपथ दिलाई गई ।